मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–13, अंक–8, दिसम्बर 2013

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु पेंट्स ने उत्तर प्रदेश में बिखेरे रंग




भारत में सबसे तेजी से बढ़ रही सजावटी पेंट की कंपनी, कामधेनु पेंट्स हर श्रेणी के उपभोक्ताओं की जरूरत और पसंद के अनुसार पेंट उत्पादों की विशाल श्रृंखला के निर्माता और आपूर्तिकर्ता हैं। कंपनी का देश भर में विशाल मार्केटिंग नेटवर्क हैं और 6000 से ज्यादा डीलर इससे जुड़े हैं।

पर्यावरण के अनुकूल पेंट उत्पादों और रंगों के बड़े रेंज के लिये प्रसिद्ध कामधेनु पेंट ने 7 दिसंबर 2013 को वाराणसी के होटल रमादा प्लाजा में एक डीलर्स मीट का आयोजन किया जिसमें वाराणसी और समीप के ईलाकों के 200 से अधिक डीलर शामिल हुये। कंपनी की ओर से श्री राकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड, कामधेनु पेंट्स, श्री रवि पुरी, मार्केटिंग हेड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, श्री पुनीत चौधरी, डीजीएम, श्री सुशील कुमार यादव, एएसएम और श्री विवेक जायसवाल, एएसएम ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस मीट का उद्येश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बिक्री लक्ष्य हासिल करने वाले डीलरों को 'अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित करना था। कार्यक्रम में मेसर्स रोशन लाइम कंपनी को पहला और मेसर्स अरविंद पेंट एंड हार्डवेयर स्टोर को दूसरा पुरस्कार दिया गया। मेसर्स मनीष बिल्डिंग मटीरियल, मेसर्स जय अंबा पेंट हाउस और मेसर्स पटेल बिल्डिंग मटीरियल को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। कंपनी ने इस मौके पर डीलरों को होंडा एक्टिवा का तोहफा दिया।

कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि "हमारे सम्मिलित प्रयासों से आज कामधेनु पेंट देश की 5 सबसे बड़ी पेंट कंपनियों में शामिल हो गई है।"

इसी कड़ी में कंपनी ने 8 दिसंबर को लखनऊ के होटल पिकडिली में एक और डीलर्स मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में श्री राजकुमार श्रीवास्तव, श्री रवि पुरी व श्री पुनीत चौधरी के साथ श्री नीरज श्रीवास्तव (एएसएम लखनऊ) ने हिस्सा लिया। इस बैठक में लखनऊ और आस–पास के 100से ज्यादा डीलर शामिल हुए।

सबसे ज्यादा बिक्री लक्ष्य हासिल करने वाले डीलरों को 'अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित करते हुये लखनऊ के कार्यक्रम के दौरान मेसर्स पंजाब एच/डब्ल्यू पेंट स्टोर को पहला और मेसर्स फैजाबाद, लाइम एजेंसीज को दूसरा तथा मेसर्स आदर्श एच/डब्ल्यू पेंट्स को तीसरा पुरस्कार दिया गया।

कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों को धन्यवाद देते हुये भरोसा जताया कि जल्दी कंपनी अपने ग्राहकों के सहयोग और समर्थन की बदौलत देश की सबसे बड़ी पेंट कंपनी हो जाएगी। कामधेनु पेंट्स सालाना 20 प्रतिशत की दर से विकास कर रही है।


कामधेनु पेंट के अधिकारियों ने कार्यक्रम समापन के समय कहा कि कंपनी डीलरों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए आगे भी कई मौके देगी और बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने में जरूरी सहयोग करेगी। जिन्हें इस बार पुरस्कार नहीं मिल पाया वे अपनी मेहनत और लगन से अगली बार हासिल कर सकते हैं। कंपनी ने इस मौके पर डीलरों को होंडा एक्टिवा का तोहफा दिया।








# लोकपाल विधेयक पारित




पिछले 45 सालों से आठ असफल कोशिशों के बाद आखिरकार भारत ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाला लोकपाल कानून पारित करने का ऐतिहासिक क़दम उठा लिया। लोकसभा द्वारा 18 दिसंबर को लोकपाल एवं लोकायुक्त विधेयक 2013 को ध्वनिमत से पारित करते ही पिछले कुछ वर्षो से सिविल सोसाइटी व आम जनता की माँग को सफलता मिल गई।

कुछेक दलों को छोड़कर ज्यादातर पक्ष और विपक्ष के राजनैतिक दलों ने इस विधेयक का सदन में समर्थन किया है। पर इस विधेयक के पास होने में जनआकांक्षा के दवाब और खासकर अन्ना हजारे द्वारा किये गये अनशन का अहम योगदान रहा। विधेयक के लोकसभा में पारित होने पर समाजसेवी अन्ना हजारे ने 9 दिन से जारी अपना अनशन समाप्त कर दिया। इसके बाद अन्ना ने कहा कि इस कानून से 40 से 50 फीसदी भ्रष्टाचार कम होगा और गरीबों को न्याय मिलेगा।

राज्यसभा पहले ही इस विधेयक को पारित कर चुकी है और माननीय राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने पर यह विधेयक कानून के रुप में लागू हो जायेगा।

# पाँच राज्यों में चुनाव



राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिज़ोरम की विधानसभा के चुनाव शांतिपूर्ण तरीक़े से संपन्न हुए। इन चुनावों में पिछले चुनावों के मुक़ाबले अधिक जनभागिदारी देखी गई और मतदान के प्रतिशत में काफी इज़ाफा देखने को मिला। ये चुनाव और इनके नतीज़े कई मायनों में महत्वपूर्ण रहे। जहाँ लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागिदारी का बढ़ना अच्छा संकेत है वहीं दिल्ली की सत्ता के सेमीफाइनल के रुप में मीडिया द्वारा प्रचारित 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों ने आम जनता और राजनैतिक विश्लेषकों को कई विचारणीय पहलुओं से अवगत कराया है।

चुनाव में कांग्रेस पार्टी को राजस्थान और दिल्ली की सरकार गंवानी पड़ी जबकि मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकार को बचा लिया। भाजपा को जहाँ एक ओर छत्तीसगढ़ की जीत के अलावा राजस्थान और मध्य प्रदेश में बड़ी चुनावी सफलता मिली, वहीं कांग्रेस को मिज़ोरम में मिली जीत से ही संतोष करना पड़ा। पर सबसे चौंकाने वाले नतीज़े दिल्ली विधानसभा चुनाव के रहे जहाँ पहली बार चुनाव मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी ने आशातीत सफलता अर्जित की। राजनीतिक पंडित दिल्ली के चुनाव परिणाम के दूरगामी अर्थ तलाश रही है पर यह संकेत तो स्पष्ट है कि दिल्ली की जनता ने नये विकल्प पर भरोसा जताया है।





# तेजस से मिली नई ऊँचाइयाँ

करीब 30 साल के अथक प्रयास और तकनीकी विकास के बाद पूरी तरह स्वदेश में निर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस को भारतीय वायुसेना में शामिल होने की प्रारंभिक मंजूरी मिल गई है। 2014 के अंत तक यह अत्याधुनिक विमान भरतीय वायुसेना के बेड़े में मिग 21 की जगह ले सकेगा। तेजस परियोजना की कामयाबी के साथ ही भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जिनके पास लड़ाकू विमानों के उत्पादन की क्षमता है।

एक इंजन वाले जेट फाइटर तेजस की विशेषताओं में सबसे अहम है इसका हल्का वजन जो 14 टन से भी कम है। इसकी दूसरी खास विशेषता है एक खास तकनीक– हेलमेट मांउटेड डिस्प्ले सिस्टम, जिसकी मदद से पायलेट लक्ष्य को देखकर ही उस पर निशाना साध सकते हैं। तेजस विमान सुपरसोनिक हैं यानि ये हवा में ध्वनि की आवाज से भी तेज गति से उड़ सकते हैं।

13.2 मीटर लंबे और 4.4 मीटर ऊँचाई के तेजस मार्क 1 को अब अधिक लंबाई, ऊँचाई और तकनीकी उत्कृष्टता वाले तेजस मार्क 2 मॉडल में विकसित किया जा रहा है। साथ ही तेजस के युद्वपोत से उड़ान भरने की क्षमता वाले मॉडल भारतीय नौसेना को भी नई धार देंगे।




# बिहार में डीलर मीट

निर्माण सेक्टर में भारत की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लिमिटेड देश के कई राज्यों की तरह ही बिहार में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। समृद्धि की ओर अग्रसर बिहार में इमारतों और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में द्रुत विकास देखने को मिल रहा है। राज्य में निर्माण सामग्री का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज क्वालिटी उत्पादों और मजबूत डीलर नेटवर्क के जरिये बिहार में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण इज़ाफा करते हुये राज्य के उपभोक्ताओं की पहली पसंद बन चुका है।

कामधेनु उत्पादों की बढ़ती मॉग के लिये राज्य के डीलरों के योगदान की सराहना करने और उन्हें भविष्य की योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से बिहार की राजधानी पटना में डीलर मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लि0 के जेनेरल मैनेजर श्री वाई आर पंडिता, डिस्ट्रीब्यूटर श्री महेश अग्रवाल, दादीजी स्टील के निदेशक श्री शिशिर अग्रवाल और दादीजी स्टील के मार्केटिंग एक्सक्यूटिव श्री श्रवण मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में पटना और आस–पास के करीब 150 डीलरों ने भाग लिया।

उपस्थित डीलरों को संबोधित करते हुये श्री वाई आर पंडिता ने उन्हें धन्यवाद दिया और राज्य में उपलब्ध अवसर को ध्यान में रखते हुये उन्हें और अधिक सफलता हासिल करने के लिये प्रोत्साहित किया। श्री पंडिता ने कहा, ''कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता इसके प्रतियोगी उत्पादों की तुलना में काफी अच्छी है, साथ ही उपभोक्ताओं का कामधेनु ब्रांड पर भरोसा जम गया है। इसीलिये अगर हम राज्य में अपनी बाज़ार हिस्सेदारी और अधिक बढ़ा सकते हैं। हमें अपने लक्ष्य को पाने की दिशा कोई कसर छोड़नी नहीं चाहिये।''

कार्यक्रम के दौरान लक्ष्य और सेल्स से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उपस्थित कंपनी पदाधिकारियों व डीलरों ने मिलकर लक्ष्य पूरा करने के लिये पूरा प्रयास करने पर सहमति दिखाई। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलरों को इस मौके पर ईनाम दिया गया वहीं सभी उपस्थित डीलरों को उपहार भी दिये गये।

इसी कड़ी में बिहार के मुज़फ्फरपुर ज़िले में भी एक डीलर मीट का आयोजन किया गया। कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स शुभम एसोसिएट्स, मुज़फ्फरपुर के अंतर्गत सभी डीलरों ने इस मीट में शिरकत की।

इस डीलर मीट में कामधेनु इस्पात लि0 के जेनेरल मैनेजर, मार्केटिंग श्री वाई आर पंडिता, डिस्ट्रीब्यूटर श्री महेश टिकमनी, दादीजी स्टील के निदेशक श्री रमेश गुप्ता, नीलकमल स्टील्स के निदेशक श्री बिनय कुमार सिंह और दादीजी स्टील के स्थानीय मार्केटिंग एक्सक्यूटिव श्री कृष्ण कुमार सरीखे पदाधिकारी शामिल हुये।

इस डीलर मीट में लक्ष्य के बारे में चर्चा की गई और भविष्य की कार्ययोजना को बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलरों को पुरस्कृत किया गया और उपस्थित डीलरों को उपहार दिये गये।













## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री दीपक जी
**मैसर्स कलावती स्टील्स**
डीएलडब्ल्यू ककरमत्ता,
वाराणसी, यू.पी.
मो. – 09415303431

श्री संजय
**मैसर्स गरिमा स्टील स्टोर**
मैन कुतुबगढ़ रोड,
दिल्ली–110081
मो. – 09212405936, 09811512639

श्री बलबीर सिंह, श्री करमजीत सिंह
**मैसर्स भारत बिल्डिंग मैटेरियल**
**कामधेनु SS10000 स्टोर**
सती माता मंदिर के सामने, समाना
जिला – पटियाला, पंजाब
मो. – 09815691563, 987205705

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.12.2013



# कामधेनु डीलरों ने की सिंगापुर की सैर



निर्माण सेक्टर में भारत की अग्रणी कंपनियों में शामिल कामधेनु इस्पात लिमिटेड के उत्पाद उपभोक्ताओं के लिये गुणवत्ता और विश्वास का प्रतीक हैं। जहाँ एक ओर कंपनी उपभोक्ताओं को बेहतरीन उत्पाद उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है, वहीं कंपनी अपने डीलरों को भी उनके प्रयासों के लिये पुरस्कृत कर उन्हें उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिये प्ररित करती है।

इसी दिशा में कंपनी ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को दुनिया की मशहूर पर्यटन स्थल सिंगापुर में आठ दिनों की सैर का मौका दिया। 27 नवंबर से 3 दिसंबर के बीच आयोजित इस ट्रिप में जाने वाले 17 लोगों में कामधेनु के डिस्ट्रीब्यूटर श्री हर्षित नेमानी और श्री अशोक जायसवाल के साथ कामधेनु इस्पात लिमिटेड के मैनेजर, मार्केटिंग, श्री सागर प्रताप सिंह भी इस यात्रा में शामिल हुये।

सिंगापुर में सैर के दौरान टीम ने सेंटोसा द्वीप, यूनिवर्सल स्टूडियो, सिंगापुर शहर व मेरिल्लिऑन पार्क आदि का भ्रमण किया और भरपूर आनंद उठाया।

# कामधेनु SS10000 से परिचित हुए निर्माणकर्मी







कामधेनु इस्पात लि0 का नवीनतम प्रीमियम उत्पाद कामधेनु SS10000 आज भारत में अपनी तरह का एकमात्र उत्पाद है जिसमें है डबल रिब्स, डबल मजबूती और जो देती है डबल सुरक्षा। अंतर्राष्ट्रीय तकनीक द्वारा उत्तम गुणवत्ता के प्राइम बिलेट्स से बनने वाले कामधेनु SS10000 की बेहतरीन भूकंपरोधी क्षमता और दुगुनी मजबूती के बारे में निर्माणकर्मियों के बीच जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक बड़े जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

20 नवंबर को होशियारपुर ज़िले के बुलहोवाल में आयोजित इस कार्यक्रम के पहले सत्र में ईलाक़े के 50 से अधिक आर्किटेक्टों, ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र के दौरान कामधेनु इस्पात लिमिटेड के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य हैं, श्री वी के गहलौत (सीनियर जीएम), श्री रजनीश गुप्ता (मैनेजर, मार्केटिंग), श्री हिमांशु शर्मा (असिसटेंट मैनेजर, मार्केटिंग) और श्री शैलेन्द्र उपाध्याय (सीनियर एक्ज़क्यूटिव, मार्केटिंग)। कामधेनु SS10000 के स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल के साथ मेसर्स बुलहोवाल सीमेंट कॉरपोरेशन के श्री सुखबिंदर सिंह भी सत्र के दौरान मौजूद रहे।

श्री वी के गहलौत ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि कामधेनु SS10000 कंक्रीट पर आम सरियों के मुकाबले ढ़ाई गुणा से भी अधिक मज़बूत पकड़ देती है। जो दूसरे उत्पादों से काफी अधिक है। सत्र के अंत में श्री हिमांशु शर्मा और श्री शैलेन्द्र उपाध्याय ने आर्किटेक्टों, ठेकेदारों व राजमिस्त्रियों के प्रश्नों के जवाब दिये।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में ईलाके के बार–बाइंडर कांटेक्टर्स को आमंत्रित किया गया। 35 बार–बाइंडर कांटेक्टर्स कामधेनु SS10000 के बारे में जानकारी पाने के लिये उत्साह के साथ उपस्थित हुये। श्री हिमांशु शर्मा ने कामधेनु SS10000 के बारे में जानकारी दी और इसके फायदों के बारे में बताया। श्री शैलेन्द्र उपाध्याय ने उपस्थित बार–बाइंडर कांटेक्टर्स के तकीनीकी सवालों का जवाब दिया।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com